## करियर काउन्सेलिंग और बायोडेटा सहायता

हमारे काउन्सेलर आपकी अपनी ज़रूरतों, कौशलों और रुचियों का आकलन करने में मदद करेंगे। वे आपकी नौकरी खोज में मदद करने के लिए एक सिलसिलेवार प्रक्रिया के माध्यम से आपका मार्गदर्शन करेंगे। विशेषज्ञ स्टाफ़ बायोडाटा लिखने और डिज़ाइन करने में आपकी मदद करेगा जिससे अच्छे नतीजे मिलेंगे। हम आपको दिखाएंगे कि अपना बायोडाटा कैसे तैयार करें और इंटरनेट पर अपने कौशल की मार्केटिंग कैसे करें।

## वर्चुअल कार्यशिविर

आप दैनिक लाइव प्रस्तुतकर्ताओं के साथ आभासी कार्यशालाओं में भाग ले सकते हैं:

- नौकरी खोज व्यूहरचनाएं
- नेटवर्किंग
- वेतन पर बातचीत
- नौकरी खोने से निपटना
- बायोडेटा तैयार करना
- इंटरव्यू कौशल

## संसाधन रूम

हमारे कैरियर केंद्र बिना किसी शुल्क के कंप्यूटर, टेलीफोन, प्रिंटर, कॉपियर और फैक्स तक पहुंच प्रदान करते हैं।

## नौकरी की खोज के संसाधन ईवेंट और भर्तियाँ

न्यूयॉर्क राज्य भर के व्यवसाय श्रम विभाग के साथ नौकरी की रिक्तियों की सूची बनाते हैं। आप यहाँ जा कर जॉब बोर्ड और ऑनलाइन नौकरी की रिक्तियों की समीक्षा कर सकते हैं:
**myjobsny.usnlx.com/**

प्लेसमेंट विशेषज्ञ, लक्षित नौकरी खोज करने में भी आपकी मदद कर सकते हैं। कई व्यवसाय नौकरी के लिए भर्तियां और ऑन-साइट साक्षात्कार आयोजित करने के लिए हमारे सेंटर का इस्तेमाल करते हैं।
**statistics.labor.ny.gov/career-zone/career-calendar.shtml**

## वर्चुअल करियर सेंटर

वर्चुअल करियर सेंटर (VCC), न्यूयॉर्क राज्य की प्रमुख ऑनलाइन नौकरी की खोज साइट है, और इसे लोगों की अपना अगला करियर खोजने में मदद करने के लिए बनाया गया है। उन्नत आर्टिफ़िशल इंटेलिजेंस के द्वारा नौकरी खोज रहे व्यक्ति अपने कौशल और अनुभव का न्यूयॉर्क के व्यवसायों के पास उपलब्ध अवसरों से मिलान कर सकते हैं।
**dol.ny.gov/virtual-career-center-ind**

## वयस्क बुनियादी शिक्षा/दूसरी भाषा के रूप में अंग्रेजी

हम आपको हाई स्कूल के समकक्ष डिप्लोमा करने या आपके अंग्रेज़ी-भाषा कौशल को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए बिना शुल्क वाले कोर्स के बारे में बता सकते हैं।

## COURSERA

न्यूयॉर्क राज्य श्रम विभाग अग्रणी ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदाता Coursera के साथ साझीदारी कर रहा है। Coursera के माध्यम से बेरोज़गार न्यूयॉर्क निवासियों को उच्च-प्रगति दर वाले उद्योगों से संबंधीत लगभग 4,000 कार्यक्रमों तक पहुँच प्राप्त होगी और वह डेटा सायंस, बिज़नेस और टेक्नोलॉजी में अपने कौशलों को बेहतर बना पाएंगे। इनमें से कई कार्यक्रम प्रमाणन के पथ होते हैं और आपके करियर को उन्नत करने में सहायक हो सकते हैं।

## व्यावसायिक कक्षीय और काम पर प्रशिक्षण (जो पात्र हों उनके लिए)

हम आपको लंबी अवधि के करियर के लिए छोटी अवधि के पाठ्यक्रम रेफ़र कर सकते हैं।
*निधियन की उपलब्धता और कार्यक्रम संबंधी विनियमों के अधीन*

## अनुकूलन और अनुकूलनक्षम टेक्नोलॉजी

अगर आप दिव्यांग हैं और करियर सेंटर में दी जाने वाली सेवाओं का पूरी तरह से लाभ उठाने के लिए आपको आवास या सहायता की ज़रूरत है, तो कृपया हमारे स्टाफ़ को बताएं। हमारे पास अनुकूलनक्षम टेक्नोलॉजी है ताकि आपकी संसाधनों तक पहुँच बनाने में मदद की जा सके, जिनमें शामिल हैं: स्क्रीन रीडर, मैग्निफायर, टेक्स्ट-टू-स्पीच सॉफ्टवेयर, TTY टेक्स्ट टेलीफोन, ट्रैकबॉल और बड़ी प्रिंट वाले कीबोर्ड।

## डिजिटल साक्षरता

रोज़गार खोजने, प्राप्त करने और अवधारित करने के लिए डिजिटल साक्षरता कौशल आवश्यक हैं।

हमारे करियर सेंटर इन पर NorthStar डिजिटल साक्षरता मूल्यांकन और इन पर ट्रेनिंग प्रदान करते हैं:

**आवश्यक कंप्यूटर कौशल** - बुनियादी कंप्यूटर कौशल; इंटरनेट की बुनियादी बातें; ईमेल का प्रयोग; Windows; Mac OS

**आवश्यक सॉफ्टवेयर कौशल** - Microsoft Word; Microsoft Excel; Microsoft PowerPoint; Google Docs

**रोज़मर्रा के जीवन में टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना** - सोशल मीडिया; सूचना साक्षरता; करियर खोज कौशल; डिजिटल फुटप्रिंट

## अपना कैरियर केंद्र खोजें

**www.labor.ny.gov/career-center-locator**

## कैपिटल रीजन करियर सेंटर

### अल्बनी करियर सेंटर

155 Washington Ave, Third Floor
Albany, NY 12210
**518-462-7600**
**www.capreg.org**

### साराटोगा काउंटी करियर सेंटर

152 West High Street
Ballston Spa, New York 12020
**518-884-4170**
**www.thejoblink.org**

### वाशिंगटन काउंटी करियर सेंटर

383 Broadway, Suite B003A
Fort Edward, New York 12828
**518-746-2390**
**www.thejoblink.org**

### कोलंबिया/ग्रीन वर्कफोर्स न्यूयॉर्क, कोलंबिया/ग्रीन कम्युनिटी कॉलेज

4400 Route 23
Hudson, New York 12534
**518-697-6510**
**www.columbiagreeneworks.org**

### न्यूयॉर्क स्टेट कैरियर केंद्र ऑफ़ वॉरेन काउंटी

333 Glen Street, Suite 300
Glens Falls, NY 12801
**518-743-0925**
**www.thejoblink.org**

### शेंक्टाडी कैरियर सेंटर

797 Broadway
Schenectady, New York 12305
**518-344-2735**
**www.capreg.org**

### रेंससेलर काउंटी वर्कफोर्स कैरियर सेंटर

1600 7th Avenue, 5th Floor
Troy, New York 12180
**518-270-2860**
**www.rensco.com/175/Employment-Training-Assistance**

न्यूयॉर्क राज्य श्रम विभाग एक समान अवसर देने वाला नियोक्ता/कार्यक्रम है।
विकिलांग व्यक्तियों के लिए अनुरोध पर और निःशुल्क सहायक सहायता और सेवाएं उपलब्ध है TTY/TDD 711 या 1-800-662-1220 (अंग्रेज़ी) / 1-877-662-4886.